**<u>बीडीएल की एकीकृत एम आर सैम का सफल परीक्षण</u>**

दिनांक 30 जून तथा 1 जुलाई, 2016 को बी डी एल द्वारा एकीकृत सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल (एमआर सैम) का परीक्षण आईटीआर, बालासोर से सफलतापूर्वक किया गया. यह मिसाइल भारत में डीआरडीओ तथा इस्राइल एरोस्पेस इंडस्ट्रीस (आई ए आई) द्वारा संयुक्त रूप से विकासित की गई है जिसका एकीकरण बीडीएल द्वारा किया गया है. यह मिसाइल परीक्षण, सभी मानदंडों पर खरा उतरा. वायु रक्षा प्रणाली द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली यह एक अपनी तरह की खास मिसाइल है जिसकी मारक-क्षमता 70 कि.मी. है.

भारत डायनामिक्स लिमिटेड भारतीय वायुसेना के लिए इस मिसाइल की उत्पादन एजेंसी है और साथ ही, भारतीय थल-सेना के लिए एम आर सैम अस्त्र प्रणाली की मुख्य एकीकर्ता है.